# शीर्ष प्रदर्शन करने वाले ए श्रेणी के राज्यों में यूपी

जाब्यू, नई दिल्ली: स्टार्टअप में राज्यों के प्रदर्शन को आंकने के लिए विभिन्न श्रेणी के पुरस्कार दिए गए। सबसे उत्तम प्रदर्शन करने वालों ए श्रेणी के राज्यों में विजेता गुजरात रहा, तो बी श्रेणी में अरुणाचल प्रदेश व गोवा ने बाजी मारी।

शीर्ष प्रदर्शन करने वाले ए श्रेणी के राज्यों में कर्नाटक, पंजाब, उत्तर प्रदेश व तमिलनाडु को शामिल किया गया। बी श्रेणी के राज्यों में शीर्ष प्रदर्शनकारी राज्यों में मणिपुर, मेघालय व नगालैंड शामिल रहे। आकांक्षी राज्यों की ए श्रेणी में असम, बिहार, जम्मू-कश्मीर व ओडिशा शामिल हैं। बी श्रेणी में मिजोरम, सिक्किम व त्रिपुरा हैं। उभरते हुए राज्यों की ए श्रेणी में छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, तो बी श्रेणी में चंडीगढ़, लद्दाख शामिल हैं।